E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0सं0 : 01 / भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) लखीसराय–30 / 2022 9401 .... **पटना, दिनांक** : 26/12/2023

आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, लखीसराय के पत्रांक– 261 दिनांक 21.03.2023 तथा 609 दिनांक 30.09.2023 द्वारा श्री अमृतांशु राज (Emp. ID-ASO00101), विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं नीरज कुमार (Emp. ID-SKN00738), विशेष सर्वेक्षण कानूनगो के विरूद्ध शिविर संख्या–06 सूर्यगढ़ा के अन्तर्गत रैयतों से प्राप्त परिवाद के आरोप में संविदा समाप्ति की अनुशंसा भेजी गयी है।

प्राप्त अनुशंसा के आलोक में उक्त दोनों संविदा कर्मियों से इस कार्यालय के पत्रांक– 8540 दिनांक 17.10.2023 द्वारा अलग–अलग नाम से स्पष्टीकरण की मांग किया गया है। संबंधितों के द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किया है।

प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत पाया गया कि श्री अमृतांशु राज के द्वारा अंकित किया गया है कि इनके विरूद्ध आपसी रंजिश के आलोक में आरोप लगाया गया है। साथ ही स्पष्टीकरण में यह भी अंकित किया गया है कि इनके विरूद्ध लगाये गए परिवाद को परिवादियों के द्वारा वापस लिये जाने से संबंधित हस्ताक्षरित आवेदन भी संलग्न कर भेजा गया है।

विदित हो कि परिवाद की स्थिति को देखते हुए पूर्व में ही इस कार्यालय के पत्रांक– 5438 दिनांक 04.07.2023 के द्वारा श्री अमृतांशु राज का स्थानान्तरण बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा किया जा चुका है। श्री राज के द्वारा दिये गए स्पष्टीकरण के आलोक में इन्हें चेतावनी के साथ स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

2. इसी प्रकार श्री नीरज कुमार, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो से प्राप्त स्पष्टीकरण में अंकित तथ्यों के आलोक में चुँकि इनका भी परिवाद में नाम था, इस दृष्टिगत समानता का दृष्टिकोण अपनाते हुए इनका भी स्थानान्तरण बन्दोबस्त कार्यालय, लखीसराय से बन्दोबस्त कार्यालय, सीतामढ़ी में करते हुए इन्हें स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

Sd/- 26/12/23
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01 / भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) लखीसराय–30 / 2022 9401.... **पटना, दिनांक** 26/12/2023

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, लखीसराय / सीतामढ़ी / शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/-
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01 / भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) लखीसराय–30 / 2022 9401...... **पटना, दिनांक** 26/12/2023

प्रतिलिपि : श्री अमृतांशु राज (Emp. ID-ASO00101), विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं नीरज कुमार (Emp. ID-SKN00738), विशेष सर्वेक्षण कानूनगो को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/-
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Satish-2023\Bablu Sir\Order\30-2022-19-12-2023.doc

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) लखीसराय–30/2022 9400 **पटना, दिनांक** 26/12/2023

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमार, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

साथ ही निदेशित किया जाता है कि उक्त आदेश की स्कैन कॉपी R2R Software के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करें।

21/12/23

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Satish-2023\Bablu Sir\Order\30-2022-19-12-2023.doc